# Launches of B.Tech LE Program for Working Polytechnic Diploma holders – September 04, 2018

MORNING INDIA
www.pmedia.in
03 Ranchi, Friday
7 September 2018

## ICFAI launches program for Polytechnic Diploma holders

MI NEWS SERVICE

RANCHI: ICFAI University, Jharkhand, at a function, launched BTech (Lateral entry) program for working Polytechnic Diploma holders, to facilitate their career growth. Besides the students and alumni, a number of experienced managers from industry participated in the function.

Welcoming the audience to the function, Prof ORS Rao, Vice-Chancellor of the University said, "In today's dynamic world, Job Roles and skill demands from the employees have been changing rapidly due to advancements in Technology. Hence, all working professionals have to acquire higher qualifications and upgrade their knowledge and skills so that they can grow faster in their careers. In view of this, our University has been offering MBA program for Working Professionals for the last 4 years and a number of employees working in academia, industry, banks, government etc got benefited". "On the same lines, we are launching a BTech (Lateral Entry) program for working diploma holders so that they can complete BTech and fast-track their careers ,without leaving their current jobs", added Prof Rao.

Vivek Krishna, General Manager, HRD , Usha Martin Industries , addressing as guest of honour, complimented the initiative of the University to start the BTech program for working people, as it will benefit a lot of diploma holders in advancing their careers and also will help the industry.

M K Gupta, Principal, MSEME Tool Room, Govt of Jharkhand said, "Graduation in Engineering increases the perspective of Diploma holders and throws open new job roles and techno-managerial career opportunities in diverse industries".

Alumni of the University that completed MBA for working professionals of the University narrated how additional qualification from the University helped them to grow their careers. .

Explaining the details of the program, Prof Arvind Kumar, Associate Dean (Faculty of Science and Technology) of the University said ," It is a 3 year program and technology will be used to impart blended-learning " ,wherein digital course material and video lectures will be used to supplement the regular classes".

खबर मन्त्र www.epaper.khabarmantra.com
web www.khabarmantra.com रांची, शुक्रवार, 07 सितंबर 2018 05

## इक्फाई में अब लैटरल एंट्री से बीटेक

### विवि में एक समारोह के दौरान ब्रोसर रिलीज

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। वर्किंग डिप्लोमा धारकों के लिए अच्छी खबर है। इक्फाई विवि में इसी सत्र से उनके लिए बीटेक (लैटरल एंट्री) पाठ्यक्रम की शुरुआत होगी। इसमें सभी कार्यकारी डिप्लोमा होल्डर छात्र दाखिला ले सकते हैं। इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 सितंबर निर्धारित की गयी है। विवि के अमर गुप्ता ने बताया कि दाखिले के बाद चार अक्तूबर से नियमित कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि एक समारोह के दौरान शुक्रवार को इस कोर्स की लांचिंग की गयी। इसमें विवि के छात्रों के अलावा कई औद्योगिक घराने के लोग भी शामिल हुए। मौके पर कोर्स की ब्रोसर भी रिलिज किया गया। समारोह के दौरान विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि आज की वैश्विक दुनिया में सभी कार्यरत पेशेवरों को अपने करियर के विकास के लिए ज्ञान और कौशल को अपग्रेड करना होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए डिप्लोमा धारियों के लिए लैटरल एंट्री से बीटेक कराने को कोर्स शुरू किया गया है। समारोह को विवेक कृष्ण के अलावा विवि के एसोसिएट डीन अरविंद कुमार ने भी संबोधित किया और कोर्स को सार्थक बताया। मौके पर डॉ आरके राय, अरविंद के अलावा प्रो एसएम प्रसाद भी उपस्थित थे।

city भास्कर
RANCHI, FRIDAY, 07/09/2018

# इक्फाई यूनिवर्सिटी में बीटेक पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई



रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी में वर्किंग डिप्लोमा धारकों के करियर के विकास के लिए बीटेक पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। सभी कार्यकारी डिप्लोमा होल्डर विद्यार्थी इसमें नामांकन ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 24 सितंबर है और नियमित कक्षाएं 3 अक्टूबर से शुरू होगी। इस समारोह में विवि के पूर्व विद्यार्थी समेत उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रबंधकों ने भी भाग लिया। श्रोताओं का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि आज की वैश्विक दुनिया में सभी कार्यरत पेशेवरों को अपने करियर के विकास के लिए अपने ज्ञान और कौशल को अपग्रेड करना होगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए डिप्लोमाधारी कार्यकारी पेशेवरों के लिए बीटेक पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

शुक्रवार, 07 सितंबर 2018
हिन्दुस्तान
22

# इक्फाई का करियर ग्रोथ पाठ्यक्रम शुरू

रांची | संवाददाता



इक्फाई विश्वविद्यालय में गुरुवार को विवरणिका का विमोचन करते वीसी व अन्य।

इक्फाई विश्वविद्यालय ने डिप्लोमाधारी नौकरीपेशा लोगों के लिए करियर ग्रोथ पाठ्यक्रम शुरू किया है। गुरुवार को यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी कुलपति प्रो ओआरएस राव ने दी।

उन्होंने बताया कि इसी सत्र से बीटेक (लेटरल इंट्री) पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिसमें सभी कार्यकारी डिप्लोमा धारी नामांकन ले सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 सितंबर है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक दुनिया में सभी कार्यरत पेशेवरों को अपने करियर के विकास के लिए ज्ञान और कौशल को अपग्रेड करते रहना चाहिए। यह कोर्स इसी सोच के साथ शुरू किया जा रहा है। इस अवसर पर पाठ्यक्रम की विवरणिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उषा मार्टिन के महाप्रबंधक विवेक कृष्णा ने कहा कि इस कोर्स के जरिए डिप्लोमाधारी अपना करियर आगे बढ़ा सकते हैं।

एमके गुप्ता ने कहा कि इस कोर्स के माध्यम से नौकरी के लिए उच्च पद के साथ तकनीकी प्रबंधन के क्षेत्र में करियर का विकल्प खुल सकता है। कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रबंधकों के साथ विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।